


# सप्तदश बिहार विधान सभा

## चतुर्दश सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या–02 सोमवार, दिनांक–03 मार्च, 2025 ई०।

**माननीय अध्यक्ष, श्री नन्द किशोर यादव की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वा० से 12:27 बजे अप० तक**

**[1] प्रश्नकाल :–**

(i) 01 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित।

(ii) 21 तारांकित प्रश्न उत्तरित।

(iii) 06 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ।

(iv) 30 तारांकित प्रश्न अनागत।

तारांकित प्रश्न संख्या–13 पंचायती राज विभाग में स्थानांतरित।

तारांकित प्रश्न संख्या–17 ग्रामीण विकास विभाग में स्थानांतरित।

तारांकित प्रश्न संख्या–23 के दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए। माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से अपने स्थान पर जाने का अनुरोध किया गया परन्तु विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गये।

**[2] कार्य स्थगन प्रस्ताव :–**

माननीय सदस्य, श्री भूदेव चौधरी, श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन, श्री अजय कुमार, श्री समीर कुमार महासेठ, श्री रणविजय साहू , श्री मुकेश कुमार यादव, श्री मोहम्मद अनजार नईमी, श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता, एवं श्रीमती प्रतिमा कुमारी तथा माननीय सदस्य, श्री अरूण सिंह, श्री महा नंद सिंह, श्री अजीत कुमार सिंह, श्री गोपाल रविदास, श्री रामबली सिंह यादव, श्री सत्यदेव राम एवं श्री अमरजीत कुशवाहा द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य करने की घोषणा की गयी।

विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्यों का सदन में पुनरागमन हुआ।

**[3] शून्यकाल :–**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया:–

(i) श्री मुकेश कुमार यादव
(ii) श्री मोहम्मद अनजार नईमी
(iii) श्री मुरारी मोहन झा
(iv) श्रीमती मंजु अग्रवाल
(v) श्री रामचन्द्र प्रसाद
(vi) श्री बीरेन्द्र कुमार
(vii) श्री सूर्यकान्त पासवान
(viii) श्री भूदेव चौधरी
(ix) श्री प्रणव कुमार
(x) श्री विद्या सागर केशरी
(xi) श्री अमरजीत कुशवाहा
(xii) श्री अजीत कुमार सिंह
(xiii) श्री जय प्रकाश यादव
(xiv) श्री ललित नारायण मंडल
(xv) श्रीमती प्रतिमा कुमारी
(xvi) सुश्री श्रेयसी सिंह
(xvii) श्री रणविजय साहू
(xviii) श्री समीर कुमार महासेठ
(xix) श्री गोपाल रविदास
(xx) श्री सत्यदेव राम
(xxi) श्री जनक सिंह
(xxii) श्री मिश्री लाल यादव
(xxiii) श्री कुमार शैलेन्द्र
(xxiv) श्रीमती रश्मि वर्मा
(xxv) श्री महा नंद सिंह
(xxvi) श्री वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता

**[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :–**

(i) माननीय सदस्य, श्री मुकेश कुमार यादव एवं अन्य सभासदों का गन्ना उद्योग विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री मुकेश कुमार यादव द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, श्री कृष्णनंदन पासवान द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

(ii) माननीय सदस्य, श्री विजय कुमार खेमका, श्री राम नारायण मंडल एवं अन्य सभासदों का स्वास्थ्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री राम नारायण मंडल द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, श्री मंगल पाण्डे द्वारा इसका उत्तर दिया गया।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 4:00 बजे अपराह्न तक)

[इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया]

**[5] वित्तीय कार्य :–**

माननीय मंत्री, वित्त विभाग, श्री सम्राट चौधरी द्वारा वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए आय–व्ययक के विवरण का उपस्थापन सदन में किया गया तथा बजट भाषण दिया गया।

**[6] माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर वाद–विवाद:–**

माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद का प्रस्ताव माननीय सदस्य श्री अरूण शंकर प्रसाद द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा माननीय सदस्य श्री विजय सिंह द्वारा इसका अनुमोदन किया गया।

तत्पश्चात आसन द्वारा कहा गया कि माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, श्री अजीत शर्मा, स०वि०स० तथा श्री महबूब आलम, स०वि०स० द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव पर दिया गया संशोधन नियामनुकूल है तथा इसे सदन की सहमति से पढ़ा हुआ माना जाय।

तदुपरान्त आसन द्वारा कहा गया कि राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य सचेतक श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन के द्वारा सूचना दी गई है कि उनके दल के लोग कल दिनांक–04.03.2025 को माननीय राज्यपाल अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर अपना पक्ष रखेगें।

तत्पश्चात धन्यवाद प्रस्ताव पर सदन में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने अपना पक्ष रखा।

1. श्री अजीत शर्मा

   (माननीय अध्यासी सदस्य श्री भूदेव चौधरी ने आसन ग्रहण किया)

2. श्री महबूब आलम
3. श्री हरिभूषण ठाकुर बचौल

   (माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

4. श्री अखतरूल ईमान
5. श्री अजय कुमार
6. श्री सुर्यकान्त पासवान

आसन से घोषणा की गई माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के प्रस्ताव पर वाद–विवाद दिनांक–04.03.2025 को भी जारी रहेगा।

**[7] निवेदन :–**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 09 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जायेंगे।

**[8] आवश्यक सूचना :–**

आसन द्वारा निम्न सूचना दी गयी –

(i) बिहार विधान सभा के सत्र में सूचनाओं के प्रसारण हेतु सभा सचिवालय द्वारा National e Vidhan Application को अपनाया गया है। माननीय सदस्यों के प्रश्नों के उत्तर Neva Portal पर देखें जा सकते हैं। सभी माननीय सदस्यों को एक आई०डी० दिया गया है। माननीय सदस्य अपने प्रश्नों के उत्तर निर्धारित तिथि को सदन में आने के पूर्व देख सकते है। माननीय सदस्य बिहार विधान सभा के वेबसाइट पर Neva Portal पर अपने आई०डी० से लॉगिन कर प्रश्नों के ऑनलाइन सबमिशन के अंतर्गत प्रश्नों के उत्तर देख सकेंगे। माननीय सदस्यों के तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने हेतु बिहार विधान सभा के विस्तारित भवन में Neva सेवा केन्द्र कार्यरत है। माननीय सदस्य स्वंय या अपने निजी साहयक को वहाँ भेजकर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

(ii) प्रश्नों के उत्तर निर्धारित तिथि को 12:00 बजे दिन के बाद Neva Portal पर आमजन के लिए भी उपलब्ध हो जाती है। इसे कोई भी व्यक्ति देख सकते हैं।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 04 मार्च, 2025 को 11.00 बजे पूर्वा० तक के लिए स्थगित हुई।

पटना

दिनांक–03.03.2025

**ख्याति सिंह**
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना।